**बाहरी और पेशेवर गिरोह ने दिया बैंक में डकैती की वारदात को अंजाम**

**बिना मारपीट, हंगामे के हथियार दिखाकर कर्मचारियों को चुपचाप बैठाया**

### सुरक्षा गार्ड नदारद, बैंक की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल, पुलिस के लिए चुनौती

# चार लुटेरे इत्मीनान से लॉकर खाली करते रहे एक कुर्सी डालकर गेट पर देता रहा पहरा

## 15 मिनट में 14 किलो, 875 ग्राम सोना और 5 लाख नगदी पर किया हाथ साफ

**हरिभूमि, जबलपुर। जबलपुर जिले के खितौला मोड़ के पास स्थित इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में सोमवार सुबह हुई 14 करोड़ रुपये से अधिक की डकैती ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी है। हेलमेट पहने छह हथियारबंद लुटेरों ने पूरी पेशेवर योजना के साथ महज 15 मिनट में बैंक के लॉकर से 14 किलो 873 ग्राम सोना और 5 लाख 9 हजार रुपये नकद समेटे और फरार हो गए। इस दौरान किसी के साथ मारपीट नहीं हुई, लेकिन आरोपियों ने हथियार दिखाकर सभी को चुपचाप बैठे रहने की चेतावनी दी।**







### फिल्मी अंदाज में किया बैंक पर धावा

पुलिस जांच में सामने आया है कि वारदात सोमवार सुबह करीब 8:55 बजे हुई, जब बैंक में सफाईकर्मी संतराम झाड़ू लगा रहा था। बैंक का समय सुबह 9 बजे का है, लेकिन त्यौहार के कारण स्टॉफ समय से पहले पहुंच रहा था। इसी दौरान मैनेजर अंकित सोनी, कर्मचारी बबीता लोधी और रघुवीर पटेल भी बैंक आ चुके थे। दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच लुटेरे बैंक के सामने रुके। सभी हेलमेट पहने हुए थे। चार बदमाश सीधे बैंक के अंदर दाखिल हुए और हथियार निकालकर शांत स्वर में बोले हथियार हैं, जो जहां है वहीं बैठ जाओ।

### गन प्वाइंट पर लॉकर तक ले गए

एक लुटेरा दरवाजे पर कुर्सी लगाकर बैठ गया, जबकि बाकी चार इत्मीनान से लॉकर की ओर बढ़ गए। मैनेजर से लॉकर की चाबी मांगी गई, तो उन्होंने बताया कि चाबी महिला कर्मचारी के पास है। जैसे ही बबीता लोधी पहुंचीं, उन्हें गन प्वाइंट पर लॉकर रूम ले जाया गया। वहां से सोने के बिस्किट और गहने, साथ ही नकदी निकालकर बैग में भरे गए।





### पूरी तैयारी, पूरी जानकारी

जांच अधिकारियों का मानना है कि यह गिरोह बाहरी था और बैंक की गतिविधियों, सुरक्षा व्यवस्था व समय-सारिणी से पूरी तरह वाकिफ था। वारदात के समय बैंक में कोई सुरक्षा गार्ड मौजूद नहीं था। बैंक में गोल्ड लोन के कारण बड़ी मात्रा में सोना रखा हुआ था, जिसकी जानकारी अपराधियों को पहले से थी।

### इत्मिनान से दिया वारदात को अंजाम

लुटेरों ने इतनी शांति और आत्मविश्वास से काम किया कि किसी भी कर्मचारी या ग्राहक के साथ कोई जोर-जबर्दस्ती नहीं हुई। बैंक में मौजूद लोग स्तब्ध होकर उन्हें देख रहे थे, जबकि लॉकर से सोना निकालने का काम व्यवस्थित ढंग से चलता रहा।

### मोबाइल छीने, बाथरूम में बंद किया

लूट पूरी करने के बाद डकैतों ने बैंक के चारों कर्मचारियों के मोबाइल फोन छीन लिए और उन्हें बाथरूम में बंद कर दिया। इसके बाद सभी आरोपी मोटरसाइकिलों से फरार हो गए।

### लमकना में मिले मोबाइल

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने सायबर सेल को सक्रिय किया। मोबाइल लोकेशन घटनास्थल से करीब 10 किलोमीटर दूर लमकना में मिली। जब वहां दबिश दी गई, तो डकैत तो नहीं मिले, लेकिन लूटे गए मोबाइल सड़क किनारे पड़े हुए मिले।

### सीसीटीवी में चार बदमाश कैद

बैंक के सीसीटीवी फुटेज में चार बदमाश साफ नजर आ रहे हैं, हालांकि कर्मचारियों का कहना है कि कुल पांच लोग शामिल थे। सभी ने हेलमेट पहना हुआ था और चेहरे छिपाए हुए थे। फुटेज से पुलिस ने उनकी गतिविधियों और बैंक के अंदर-बाहर की मूवमेंट का विश्लेषण शुरू कर दिया है।

### डीआईजी और कप्तान मौके पर

घटना की खबर मिलते ही डीआईजी अतुल सिंह, पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एसडीओपी सिहोरा आदित्य सिंघारिया सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। क्राइम ब्रांच, डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को भी जांच में लगाया गया।

### अन्य जिलों में अलर्ट जारी

जबलपुर सहित कटनी, दमोह, सागर, मैहर और सतना जिलों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। सभी प्रमुख मार्गों पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही है। पुलिस का मानना है कि आरोपी वारदात के बाद अलग-अलग दिशाओं में बंटकर भागे हो सकते हैं।

### बैंक में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

इस वारदात ने एक बार फिर छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गोल्ड लोन फाइनेंस करने वाले बैंकों में करोड़ों का सोना रखा होता है, लेकिन कई जगह पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं होते। खितौला की इस शाखा में भी न तो वारदात के समय गार्ड मौजूद था, न ही किसी ने अलार्म तुरंत बजाया। सायरन तभी बजा जब आरोपी फरार हो चुके थे।

### पुलिस के लिए चुनौती-

डकैती का यह मामला पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। सोने की भारी मात्रा और नकदी की लूट ने न सिर्फ पुलिस बल्कि बैंक प्रबंधन की जिम्मेदारी पर भी उंगली उठाई है। इस बीच, पुलिस ने दावा किया है कि उनके पास कुछ अहम सुराग हैं और जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होंगे।

### पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं-

घटना बेहद संगठित तरीके से अंजाम दी गई है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट है कि आरोपी पेशेवर हैं और संभवतः बाहरी इलाके के हैं। उन्होंने बैंक की गतिविधियों, समय और सुरक्षा व्यवस्थाओं का पूरा अध्ययन किया था। वारदात के समय बैंक में कोई गार्ड मौजूद नहीं था, जिससे उन्हें फायदा मिला। पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं और आसपास के जिलों में अलर्ट जारी है। सीसीटीवी फुटेज, साइबर इनपुट और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

**-संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान**

---

**नई दिल्ली में केंद्रीय संचार मंत्री सिंधिया की अध्यक्षता में ऐतिहासिक एमओयू पर किए हस्ताक्षर**

## जबलपुर के युवाओं को मिलेगा विश्वस्तरीय संचार प्रशिक्षण: सांसद आशीष दुबे

हरिभूमि, जबलपुर।




जबलपुर के युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक पहल के तहत अब उन्हें विश्वस्तरीय संचार प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। नई दिल्ली में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में आयोजित एक विशेष बैठक में जबलपुर स्थित भारत रत्न भीमराव अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेलीकॉम ट्रेनिंग और विश्व की अग्रणी चार प्रौद्योगिकी कंपनियों—एरिक्सन, क्वालकॉम टेक्नोलॉजी, सिस्को और नोकिया—के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) किया गया।

इस अवसर पर जबलपुर के सांसद आशीष दुबे भी मौजूद रहे। उन्होंने इस पहल को जबलपुर के लिए एक "मील का पत्थर" करार देते हुए कहा कि इस समझौते से न केवल युवाओं को अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण मिलेगा, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सीधे इन शीर्ष वैश्विक कंपनियों में कार्य करने का भी अवसर प्राप्त होगा। सांसद दुबे ने बताया कि यह सौगात प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और संचार मंत्री श्री सिंधिया की प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा, "इस पहल से जबलपुर ही नहीं, बल्कि देशभर के युवाओं को लाभ मिलेगा और यह क्षेत्र डिजिटल क्रांति का केंद्र बनकर उभरेगा। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने जबलपुर को देशव्यापी डिजिटल क्रांति का केंद्र" बनने की बात कही और इस ऐतिहासिक कदम के लिए बीएसएनएल और सभी सहभागी कंपनियों की सराहना की। इस एमओयू के माध्यम से युवाओं को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप उन्नत कौशल विकसित करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी रोजगार योग्यताओं में अभूतपूर्व वृद्धि होगी।

---

**उपभोक्ता मंच ने की अपर कलेक्टर से चर्चा**

## 11 दिन से बिक रहा महंगा दूध, सब चुप

जबलपुर।



जबलपुर शहर में प्रदेश के अन्य शहरों के मुकाबले सबसे महंगा दूध बिक रहा है। उपभोक्ता मंच ने अन्य शहरों के दूध के रेट का तुलानात्मक अध्ययन रिपोर्ट जिला प्रशासन को प्रस्तुत की थी। दूध के दाम बढ़े आज 11 दिन हो गए है लेकिन प्रशासनिक स्तर पर अभी तक दाम नियंत्रण के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए। यहां बता दें कि गत 1 अगस्त से जबलपुर में दूध के रेट में अचानक बढोत्तरी कर उसे 73 रूपये प्रति लीटर के भाव से बेंचा जा रहा जा रहा है इस संबंध में उपभोक्ता मंच ने अपर कलेक्टर नाथूराम से चर्चा की और उन्हें अवगत कराया कि जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि प्रदेश के अन्य शहरों से दूध के रेट की जानकारी लेकर जबलपुर के डेयरी संचालकों की बैठक आयोजित की जायेगी तथा समस्या का निराकरण किया जायेगा। लेकिन रेट बढने को 11 दिन बीतने के बावजूद भी अभी तक डेयरी संचालकों की बैठक बुलाई नहीं गई है। इससे चिंतित होकर सोमवार को नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौप कर जल्द से जल्द डेयरी संचालकों की बैठक बुलाकर इस समस्या का हाल करने का पुनः निवेदन किया है। इसके पूर्व में मंच के डॉ.पी.जी. नाजपांडे ने कलेक्टर दीपक सक्सेना से विस्तुत चर्चा कर उन्हें राज्य सरकार द्वारा कलेक्टर जबलपुर को जारी किया गया आदेश प्रस्तुत किया था, जिसमें राज्य सरकार द्वारा कलेक्टर जबलपुर को जारी किया गया आदेश प्रस्तुत किया था, जिसमें राज्य सरकार ने कहा है कि दूध के रेट आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत तय नहीं करेंगे लेकिन दूध की रेट की मानिटरिंग कर जबलपुर में रेट निश्चित किये जायेगें। इस पर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया था कि उन्होंने अधिनस्थों को निर्देश जारी किये हैं कि प्रदेश से अन्य शहरों से दूध के रेट की जानकारी ली जाये तथा तदानुसार डेयरी संचालकों की बैठक आयोजित की जाये।

### कलेक्टर जल्द करेंगे डेयरी संचालकों से चर्चा

अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड ने सोमवार को डॉ.पी.जी. नाजपांडे को आश्वासन दिया कि डेयरी संचालकों को बैठक के संबंध में शीघ्र ही निर्णय लिया जायेगा तदानुसार कलेकटर दीपक सक्सेना से चर्चा की जायेगी। इस अवसर पर डी.आर. लखेरा, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे तथा राममिलन शर्मा उपस्थित थे।

---

## डॉ. सलमा जमाल की चार कृतियों का विमोचन आज

जबलपुर।

अखिल भारतीय हिंदी सेवा समिति, पाथेय एवं वर्तिका संस्था के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सलमा जमाल की चार कृतियां सोचा न था, ये बहुरानियां, प्यारी मामुलिया एवं गुल्लू मेरा नाम का विमोचन समारोह 12 अगस्त को सांयकाल 5.45 बजे से कला वीथिका में आयोजित है। समारोह के मुख्य अतिथि महापौर श्री जगत बहादुरसिंह अन्नू होंगे। अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे करेंगे। संतोष नेमा संतोष, राजेश पाठक प्रवीण एवं आशुतोष तिवारी ने साहित्य प्रेमियों से उपस्थित का आग्रह किया है।

---




## ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत स्टेशन से 5 निराश्रित बच्चों को किया गया रेस्क्यू

**अभियान बाल सुरक्षा की दिश में महत्वपूर्ण कदम**

जबलपुर।

ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के अंतर्गत जबलपुर रेलवे स्टेशन से पांच निराश्रित बच्चों को रेस्क्यू किया गया। यह कार्रवाई सहायक उप निरीक्षक सुखराम बेन, आरक्षक अरुण यादव, महिला आरक्षक सोनम रघुवंशी, स्टेशन डायरेक्टर संजय शर्मा एवं डिप्टी एसएस (कमर्शियल) संजू जायसवाल की संयुक्त टीम द्वारा की गई। उक्त बच्चे रेलवे स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से भीख मांगते हुए पाए गए। बच्चों को रेस्क्यू कर स्टेशन पर प्राथमिक देखभाल के उपरांत चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया और आवश्यक कागजी कार्यवाही पूर्ण की गई। इसके पश्चात सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।शासकीय बालगृह, गोहलपुर भेजे गए बच्चेः अजहर, पिता - रफीक, उम्र - 8 वर्ष, निवासी - खमरिया, जिला जबलपुर सरजूल, पिता - कमलेश, उम्र - 12 वर्ष, निवासी - तिलवारा, जिला जबलपुर मगदुर, पिता - कमलेश, उम्र - 13 वर्ष, निवासी - तिलवारा, जिला जबलपुरजागृति संस्थान (जबलपुर स्टेशन के पास) भेजे गए बच्चेःरज्जाक, पिता - जलाल शाह, उम्र - 15 वर्ष, निवासी - रीठी, जिला कटनीजनवर शाह, पिता - अकबर शाह, उम्र - 13 वर्ष, निवासी - गोसलपुर, जिला जबलपुरसभी बच्चों को सुरक्षित रूप से पुनर्वास केंद्रों में भेज दिया गया है। यह सराहनीय पहल बच्चों के भविष्य को एक नई दिशा देने का कार्य करेगी। पुलिस व रेलवे प्रशासन द्वारा चलाया गया यह अभियान बाल सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

---

## तहसीलदारों की हड़ताल से प्रशासनिक कामकाज ठप्प

जबलपुर।

**पायलट प्रोजेक्ट के नतीजे आने के पहले विरोध गलत**

न्यायिक और गैर न्यायिक कार्य के लिए अलग अलग तहसीलदारों और नायाब तहसीलदारों की नियुक्ति के खिलाफ जारी हड़ताल से प्राशासनिक कामकाज ठप्प है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने इस हड़ताल को जनहित के खिलाफ बताया और अपील की है कि तत्काल जनहित में हड़ताल को वापस लें। उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ पीजी नाजपांडे ने कहा है कि राजस्व अधिकारियों की न्यायिक और गैर-न्यायिक दो वर्गो में विभाजन कर कार्य करने हेतु प्रदेश के 9 जिले धार, भिंड, खरगौन, बालाघाट, मंदसौर, देवास, कटनी, मंडला, रीवा में इस व्यवस्था का क्या परिणाम होता है यह देखने हेतु पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है । लेकिन मध्यप्रदेश के समूचे तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार इसका विरोध करते हुए विभाजन की इस योजना के पूर्ण रूप से वापस नहीं होने तक समस्त कार्यो से विरत रहने का निर्णय लिया है। उन्होंने आगे कहा है कि यह निर्णय जनहित के खिलाफ है । अतः नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने तहसीलदार तथा नायब तहसीलदारों के मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी संघ को अपील की है कि वे अपना निर्णय तत्काल रूप से वापस लें। मंच के डॉ.पी.जी. नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने मुख्य सचिव म.प्र. शासन को पत्र भेजकर इस हड़ताल के संबंध में तत्काल निर्णय लें यह निवेदन किया है। निवेदन में बताया गया है कि इस हडताल से प्रशासनिक कामकाज पूरी तरह से ठप्प हो गया है। आय, मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र तो बनना ही बंद हो गया है। लोकसेवा केन्द्र में आवेदन जमा करने के उपरांत जनता प्रमाण पत्र पाने रोजाना चक्कर लगा रही है । ऐसे में पूरे प्रदेश भर में अव्यवस्था फैली हुई है।

### सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक

# जीवन बचाने के लिए समाज की भूमिका भी जरूरी : कलेक्टर

हरिभूमि जबलपुर।

सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री अभय मनोहर सप्रे द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सिहोरा विधायक श्री संतोष बरकड़े, पेट्रोल पंप संचालक, सामाजिक संगठन, पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विभिन्न सुझावों और उपायों पर गहन चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि जीवन अमूल्य है और उसे बचाने के लिए समाज के हर वर्ग को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाई जाए और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए।



#### सीएम हेल्पलाइन मामलों के त्वरित निराकरण के निर्देश

कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक गहलोत एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों, विशेषकर 50 दिन से अधिक लंबित मामलों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए।

#### हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा

बैठक में "हर घर तिरंगा, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग" थीम पर आधारित गतिविधियों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही 15 अगस्त को गरिमामय तरीके से मनाने की तैयारियों की समीक्षा की गई।

#### सड़क सुरक्षा को लेकर उठाए गए प्रमुख बिंदु


- हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाए।
- शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।
- ओवरलोडिंग रोकने और वाहनों की फिटनेस की नियमित जांच की जाए।
- ड्राइविंग टेस्ट में सख्ती बरती जाए तथा बीमा को अनिवार्य बनाया जाए।
- सड़क के गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराई जाए और ब्लैक स्पॉट्स पर रंबल स्ट्रिप्स लगाए जाएं।
- मानक गति का पालन न करने वालों पर ट्रैफिक पुलिस सख्त कार्रवाई करे।
- विधायक श्री बरकड़े ने बैठक में कहा कि सड़क सुरक्षा बेहद संवेदनशील विषय है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं कभी हेलमेट चालान के लिए पुलिस को फोन नहीं करते, ताकि आमजन को भी सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का एहसास हो।
- पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों की आदतों में परिवर्तन जरूरी है और इसके लिए समाज की भागीदारी आवश्यक है।
- बैठक में यह भी तय किया गया कि पेट्रोल पंप संचालक बिना हेलमेट के वाहन चालकों को पेट्रोल न दें तथा सामाजिक संगठनों के सहयोग से सड़क सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए।



## बम्हनी में पहलवानों ने दिखाए जौहर

**बरेला।** समीपस्थ ग्राम पंचायत बम्हनी में सोमवार को दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में सौ से अधिक कुश्तियां हुई जिसमें पहलवानों ने अपने करतब दिखाए। पहलवानों के उत्साहवर्धन के लिए जनपद उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू एवं सरपंच वर्षा नीलकमल झारिया ने शील्ड ओर नगद राशि से सम्मानित किया। इस अवसर पर छेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव के लोग उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का लिया जायजा



**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने पुलिस परेड ग्राउंड पहुंच कर स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, एडीशनल एसपी आनंद कलादगी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर सक्सेना ने इस दौरान व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये और कहा कि स्वतंत्रता का उत्सव 15 अगस्त को भव्य और गरिमा के साथ मनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्व सुनिश्चित करें।

## स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी पर्व पर नगर निगम की व्यवस्थाएं रहेंगी चाकचौबंद

**जबलपुर।** शहर में स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। संस्कारधानी के नागरिकों में देशभक्ति भाव के साथ-साथ अध्यात्मिक भाव भी इन त्यौहारों में दिखाई देती है। त्यौहारों को देखते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की और तैयारियों की जानकारी ली। महापौर श्री अन्नू के द्वारा निगम के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्तमान समय त्यौहारों का है, इसलिए शहर में साफ-सफाई व्यवस्था अतिउत्तम रखने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने माइक्रो प्लानिंग करके कार्य करने के निर्देश दिये। महापौर ने यह भी निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था के साथ-साथ लाईट की अतिरिक्त व्यवस्था करने, पर्याप्त जल व्यवस्था, एवं सड़कों के पैंचवर्क करने एवं निगम की अन्य व्यवस्थाएं भी चाकचौबंद रहे, सभी अधिकारी अभी से अपनी-अपनी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। महापौर ने बैठक के दौरान स्वास्थ्य अमले को यह भी हिदायत दी कि त्यौहारों में कहीं पर भी कचरा दिखाई न दे। बाजार क्षेत्रों के साथ-साथ रहवासी क्षेत्रों के आस-पास भी उत्तम सफाई और लाईट की अतिरिक्त व्यवस्था करने, पर्याप्त जल व्यवस्था, एवं सड़कों के पैंचवर्क के कार्य किया जाये। बैठक के दौरान नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती रजनी कैलाश साहू, डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, स्वास्थ्य विभाग के उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन और सहायक यंत्री तथा स्वच्छता सेल के सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



## शराब पीने के लिये रूपये नहीं देने पर किसान से की मारपीट

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत रिंग रोड ग्राम निभौरा में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर दो बदमाशों ने एक किसान के साथ गालीगलौज व मारपीट कर चोटें पहुंचा दी। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम निभौरा टोला पनागर निवासी 23 वर्षीय किसान नितिन केवट गत रात लगभग 7.45 बजे रिंग रोड ग्राम निभौरा पहुंचा तभी गांव के कमल केवट एवं रवि केवट उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे, पैसे देने से मना करने पर गालीगलौज व मारपीट कर हाथ, पैर, कंधा में चोटें पहुंचा दी तथा दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## सिहोरा की पहली बड़ी घटना से सनसनी

## बैंक लूट के आरोपियों का जल्द पता लगाये पुलिस : विधायक संतोष बरकडे

हरिभूमि सिहोरा।



खितौला थाना अंतर्गत आने वाली नगर की एक बैंक में सुबह सुबह हुई दिनदहाड़े डकैती की खबर सुनकर सभी सन्न रह गए। सिहोरा में इस तरह की बड़ी घटना पहली बार घटित हुई जब अज्ञात नकाबपोश चोरों ने दिनदहाड़े डकैती की घटना को अंजाम देकर पुलिस के सामने चुनौती पेश की है। घटना की जानकारी लगते ही विधायक संतोष बरकडे बैंक पहुंचे और उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों से पूरी जानकारी ली तथा क्षेत्र में लगातार घट रही इस तरह की अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वालों के खिलाफ शक्त कार्यवाही करने की बात कही। उन्होंने आस्था के केन्द्र ज्वालामुखी मंदिर में गत दिवस हुई चोरी की घटना का भी पुलिस से जल्द पता लगाने की भी बात कही। घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, एडीशनल एसपी पुलिस सूर्यकांत शर्मा, एसडीओपी सिहोरा आईपीएस आदित्य सिंघानिया सहित अन्य पुलिस अधिकारियों से मुलाकात करते हुए उन्होंने कहा डकैती की इस घटना को पुलिस प्रशासन को चुनौती के रुप में लेना चाहिए और जितनी जल्दी हो पता लगाकर अपराधियों को गिरफ्तार करना चाहिए । पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार खितौला तिराहा स्थित इसाफ बैंक से करीब 14 किलो 875 ग्राम सोना और लगभग 5 लाख 8 हजार रुपये नगद कट्टे की दम पर सुबह चोर लूट कर ले गये। थे पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, लोकेशन सहित अनेक विंदुओं पर अपनी जांच तेज कर दी है।इस अवसर पर पूर्व विधायक दिलीप दुबे, राजेश दाहिया, अनुपम सराफ, अंकित तिवारी,सतीश पटेल, शैलेन्द्र दुबे आदि उपस्थित थे।

## दुख के त्यौहार में बैठने आए सुरक्षा गार्ड पर बदमाश ने किया चाकू से हमला

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत क्रेसर बस्ती में दुख के त्यौहार में आए एक बदमाश ने एक युवक के साथ पुरानी रंजिश पर गालीगलौज की, जिसे समझाने गए सिक्योरिटी गार्ड पर बदमाश ने चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सगड़ा क्रेसर बस्ती निवासी 39 वर्षीय सिक्योरिटी गार्ड श्यामलाल दुबे गत शाम लगभग 4.30 बजे दुख का त्यौहार होने पर अपने परिचित क्रेसर बस्ती निवासी गिरीश साहू के यहां बैठने गया था, जहां सतीष उर्फ गिलसुआ पुरानी रंजिश पर अनिल साहू के साथ गाली गलौज करने लगा, उसने सतीष उर्फ गिलसुआ को समझाने का प्रयास किया एवं गालियां देने से मना किया तो सतीष उर्फ गिलसुआ उसके साथ गाली गलौज करते हुये तू बहुत हीरो बन रहा है कहते हुए चाकू से जांघ पर प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तो सतीष उर्फ गिलसुआ जान से मारने धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109, 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि पकड़ा गया आरोपी सतीष उर्फ गिलसुआ पटैल के विरूद्ध मारपीट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट, के पूर्व से 9 अपराध पंजीबद्ध हैं।

## बगदरी फाल में डूबे साहिल की दूसरे दिन भी होती रही तलाश

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत बगदरी फॉल के पानी में नहाते समय रविवार को दोपहर डूबे हनुमानताल निवासी एक युवक की सोमवार को भी तलाश जारी रही। रेस्क्यू टीम लगातार खोज में लगी रही। देर शाम यह सामाचार लिखे जाने तक रेस्क्यू टीम को कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हनुमानताल निवासी 18 वर्षीय साहिल केवट गत रविवार दोपहर लगभग 3.30 बजे अपने अपने दोस्त आशू गुप्ता, आलोक गुप्ता, विपिन गुप्ता, आर्यन सोंधिया और साहिल शिवहरे बगदरी वॉटरफॉल पाटन घूमने गए थे। वॉटरफाल में सभी लोग बैठे थे इसी बीच आलोक गुप्ता की सायकल की चाबी पानी में गुम हो गयी, ये लोग चाबी दूढ़ने लगे इसी दौरान साहिल केवट कपड़े उतारकर पानी में चला गया और नहाते समय गहरे पानी में डूब गया। पुलिस सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची, गोताखोरों की मदद से साहिल की तलाश कराई जा रही है।

## पुरानी रंजिश को लेकर बदमाशों ने युवक पर किया हमला

**जबलपुर।** घमापुर थाना अतंर्गत लालमाटी बड़ी संतोषी माता मंदिर के पास घर के बाहर बैठे एक युवक पर पुरानी रंजिश पर तीन बदमाशों ने मारपीट कर दी। बीचबचाव करने आए युवक के चाचा और एक अन्य युवक के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार लालमाटी बड़ी संतोषी माता मंदिर के पास निवासी 38 वर्षीय अमर दहिया गत रात लगभग 11 बजे अपने भाई अमित दाहिया के साथ घर के बाहर बैठा था, तभी मोहल्ले के दलजीत उर्फ दील्लू ठाकुर, सानू ठाकुर, अप्पा बेन आए और पुरानी रंजिश पर दिलजीत अमित दहिया के साथ गाली गलोज करने लगा, अमित ने गालियां देने से मना किया तो तीनों गाली गलौज करते हुये अमित के साथ मारपीट कर किसी चीज से हमलाकर गदेली, सिर में चोटें पहुंचा दी। अमित के चाचा जगदीश दाहिया और मोहल्ले के विनय सिंह ने बीच बचाव किया तो तीनों ने विनय एवं चाचा जगदीश के साथ मारपीट कर हाथ में चोटें पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी। घायल अमित दाहिया को उपचार अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विधायक डॉ. अभिलाष पांडे के नेतृत्व और सचिन गुप्ता के संयोजन में निकली पदयात्रा, 501 तिरंगों का किया वितरण

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

हरिभूमि, जबलपुर।

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत उत्तर-मध्य विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को देशभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। विधायक डॉ. अभिलाष पांडे के नेतृत्व और भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के सहसंयोजक सचिन गुप्ता के संयोजन में शिवाजी चौक मदनमहल से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और तिरंगा वंदन के साथ हुई। इसके बाद बैंड-बाजों की देशभक्ति धुनों के बीच तिरंगा यात्रा रवाना हुई, जो कंचन परिसर, विभिन्न बस्तियों और राइट टाउन के मार्गों से होते हुए निकली।

#### घरों, प्रतिष्ठानों पर खुद जाकर लगााए



यात्रा के दौरान 501 तिरंगे विधायक पांडे, संयोजक गुप्ता ने घरों, प्रतिष्ठानों और वाहनों में खुद जाकर लगाए। इस अवसर पर विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने कहा हम सभी धर्मों को एक धागे में पिरोकर तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश की अखंडता और संप्रभुता का संदेश दे रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक सचिन गुप्ता ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से इस यात्रा का आयोजन कर 501 विशाल झंडे लगाए गए, जो सीमा पर डटे सैनिकों के सम्मान को समर्पित हैं।

#### माताओं-बहनों ने की पूजा अर्चना

विशेष रूप से सैकड़ों ऑटो चालकों को तिरंगे वितरित किए गए। तिरंगा लगाकर ऑटो चालकों ने भी यात्रा में शामिल होकर देशभक्ति का जज्बा दिखाया। कंचन परिसर में माताओं-बहनों ने तिरंगे की पूजा-अर्चना और आरती की, फिर अपने घरों पर झंडे फहराए।

#### यह रहे उपस्थित

यात्रा में मंडल अध्यक्ष योगेश बिलौहा, अमन बिंद्रा, अमर पटेल, रूबल गुप्ता, संजय खत्री, पिंकी अग्रवाल, नितिन तिवारी, रवि जैसवानी, रेशु नयन, पवन चौकसे, शिवम गुप्ता समेत बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## फल मंडी में जमा था जुए का फड़

**जबलपुर।** विजयनगर पुलिस ने कृषि मंडी उपज मंडी फल मंडी के पास चल रहे एक जुए के फड़ पर छापा मारकर 5 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 हजार 190 रुपए जब्त किए हैं। विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात मुखबिर की सूचना पर कृषि उपज मंडी में फल मंडी के पास जुआ मन्ना खेल रहे अशोक गुप्ता, प्रदीप सोनी, प्रशांत दुबे, बड़ी खेरमाई खटीक मोहल्ला हनुमानताल निवासी शुभम खटीक और सिद्धजी मंदिर खटीक मोहल्ला हनुमानताल निवासी शुभम खटीक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते तथा नगदी 4 हजार 190 रूपये जप्त करते हुये धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

**श्रीमती प्रभावती राजवाडे-** राजुल अपार्टमेंट मदनमहल निवासी श्री प्रभाकर राजवाडे की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभावती राजवाडे (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुरारी लाल प्रजापति-** बंबा देवी शीतलामाई निवासी श्री मुरारी लाल प्रजापति (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री स्वरूपानंद दीक्षित-** टीटीआई स्टाफ क्वाटर्स भोपाल निवासी श्री स्वरूपानंद दीक्षित (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लक्ष्मी नारायण कोल-** अंचल नगर छुई खदान श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री लक्ष्मी नारायण कोल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सत्यवती पांडे-** एमआईजी 119, शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री रवि शंकर पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती सत्यवती पांडे (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सौरभ साहू-** महेशपुर मदनमहल निवासी श्री संतोष साहू के पुत्र श्री सौरभ साहू (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कमला मिश्रा-** गोरैया प्लाट मदनमहल निवासी श्री संत लाल मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती कमला मिश्रा (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सोहित बंशकार-** शीतलामाई बंशकार मोहल्ला निवासी श्री राजकुमार बंशकार के पुत्र श्री सोहित बंशकार (19) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री उषा दासगुप्ता-** कालीबाड़ी रोड गुप्तेश्वर निवासी श्री एसके दासगुप्ता की पुत्री सुश्री उषा दास गुप्ता (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आकाश मुगलय-** महानद्दा खालसा रोड निवासी श्री युवराज मुगलय के पुत्र श्री आकाश मुगलय (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती ललिता बाई-** इंद्रा बस्ती एलआईसी मदनमहल निवासी श्री भैया लाल की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता बाई (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लखन लाल सोनकर-** गुरंदी बाजार निवासी श्री लखन लाल सोनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भानु प्रकाश झा-** छोटी ओमती सनातन धर्म मंदिर के पास निवासी श्री भानु प्रकाश झा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री स्वरूप चंद जैन-**




गोरखपुर निवासी श्री स्वरूप चंद जैन (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कुमार राजपूत-** आचार्य विनोबा भावे वार्ड आजाद व्यायाम शाला के पास निवासी श्री अशोक कुमार राजपूत (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. मुस्कान पटेल-** पुराना कंचनपुर अधारताल निवासी श्री राम सुजान पटेल की पुत्री कु. मुस्कान पटेल (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरूण यादव-** गोरैया प्लाट रानीपुर मदनमहल निवासी श्री अरूण यादव (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अतुल निषाद-** रांझी नई बस्ती बड़ा पत्थर निवासी श्री अशोक निषाद के पुत्र श्री अतुल निषाद (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय कुमार-** कंचनपुर अधारताल निवासी श्री विजय कुमार (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अजय यादव-** छोटी ओमती राम मंदिर के पास निवासी श्री अजय यादव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x10 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

## पीएम आवास योजना में घोटालों का भूचाल

# गरीबों का हक डकार गए अमीर, अपात्रों को मिले आशियाने

**ननि प्रशासन ने अपात्रों को आवंटित कर दिए आवास, गरीब भटकते रहे, जांच में सामने आया सच**

प्रधानमंत्री आवास योजना की पारदर्शिता और गरीबों को आशियाना देने की मंशा को रीवा नगर निगम ने पलीता लगा दिया है। जांच में सामने आया है कि जिनके पास पहले से मकान हैं, जो लग्जरी गाड़ियों में घूमते हैं, उन्हें बीपीएल परिवारों के हक का मकान आवंटित कर दिया गया।

हरिभूमि न्यूज, रीवा।



वहीं असली जरूरतमंद हितग्राही मकान की आस में दर-दर भटकते रहे। नगर निगम की आंतरिक जांच ने पूरे सिस्टम की पोल खोल दी है। गोल क्वार्टर, एसएफ, सुंदर नगर और ललपा तालाब जैसे इलाकों में बने सैकड़ों आवासों में से बड़ी संख्या में मकान अपात्रों के कब्जे में हैं। शुरुआती जांच में ही 126 आवासों में से 63 आवास फर्जी पाए गए हैं। स्थिति यह है कि जिन लोगों के नाम पर मकान आवंटित हैं, वहां रह कोई और रहा है या मकान किराए पर दे दिया गया है। कुछ मामलों में तो मकान में असामाजिक गतिविधियों की भी पुष्टि हुई है। पीएम आवास योजना के तहत मिलने वाले मकानों की एक अहम शर्त यह है कि हितग्राही खुद उस मकान में निवास करेगा। न तो वह उसे किराए पर दे सकता है और न ही बेच सकता है। लेकिन नगर निगम की जांच में सामने आया है कि सिर्फ गोल क्वार्टर इलाके में ही 53 मकान किराए पर दे दिए गए हैं। कुछ मकानों में तो आपत्तिजनक गतिविधियां भी दर्ज की गई हैं। बता दे हाल ही में एक मामले में एक राजनीतिक नेता की पत्नी ने एक मकान में युवती के साथ पति को रंगे हाथ पकड़ लिया, जिसके बाद हंगामा हुआ और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मामले की जांच के दौरान पाया गया कि वह मकान पप्पू कनौजिया नामक नेता की पत्नी बंदना कनौजिया के नाम पर है, जबकि वह पहले से पोखरी टोला में निवास करते हैं। दस्तावेजों की जांच में फर्जीवाड़े के कई सुराग मिले हैं।बॉक्सफर्जीवाड़े में रिटायर अफसरों पर शक की सुई नगर निगम में इस योजना के पूर्व नोडल अधिकारी, संपत्ति प्रभारी और तकनीकी अफसरों पर मिलीभगत के आरोप हैं। इनमें से अधिकांश अधिकारी अब सेवा से रिटायर हो चुके हैं। बताया जाता है कि शुक्ला, दहायक, संतोष पांडेय जैसे अफसरों के कार्यकाल में ही यह आवंटन प्रक्रिया पूरी की गई थी। संतोष पांडेय हाल ही में जुलाई में रिटायर हुए हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि निगम आयुक्त इन अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हैं या मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा।बॉक्सरद्द होंगे फर्जी आवंटननगर निगम आयुक्त ने शुरुआती जांच रिपोर्ट के आधार पर सभी फर्जी लाभार्थियों को नोटिस जारी करने और आवंटन निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने स्पष्ट कहा है कि जो हितग्राही खुद मकान में निवास नहीं कर रहे, उनका आवंटन रद्द किया जाएगा।बॉक्सअब जांच के घेरे में सुंदर नगर और ललपा तालाब की साइटेंगोल क्वार्टर के बाद नगर निगम की नजर अब उन साइटों पर है, जहां 100 फीसदी आवंटन हो चुका है सुंदर नगर और ललपा तालाब और एसएफ, सूत्रों के अनुसार इन साइटों में गड़बड़ी की आशंका कहीं ज्यादा है। यदि पूरे जिले में आवंटन की ईमानदारी से जांच हो, तो पीएम आवास योजना में हुई करोड़ों की अनियमितता उजागर हो सकती है।बॉक्सक्या कहता है नियमपीएम आवास योजना के अंतर्गत केवल बीपीएल परिवारों को ही आवास आवंटित किए जाते हैं।आवंटित मकान को किराए पर देना या बेचना प्रतिबंधित है।हितग्राही को मकान में खुद निवास करना अनिवार्य है।फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मकान लेने पर आवंटन रद्द किया जा सकता है, साथ ही विधिक कार्रवाई भी संभव है।

## इनामी आरोपी को महिला पुलिस ने दबोचा

**सतना।** पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट के मामले में फरार चल रहे 5,000 के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान साहिल यादव के रूप में हुई है,जो लंबे समय से फरार था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी,जिसके आधार पर यह गिरफ्तारी संभव हो पाई। यह मामला 15 मार्च का है,जब फरियादिया केशकली चौधरी और उनके बेटे आयुष्मान चौधरी को दूल्हेबाबा मंदिर के पास यादव ने कथित तौर पर जातिसूचक गालियां दीं और उन पर हमला किया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, जब माँ-बेटे ने इसका विरोध किया,तो यादव ने उन पर शारीरिक हमला कर दिया। उसने किसी नुकीली चीज से बेटे के हाथ पर वार किया,जिससे वह घायल हो गया। शोर मचाने पर आस-पास के लोग इकट्ठा हुए,जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। महिला थाना पुलिस ने मामले की जांच की,लेकिन आरोपी लगातार फरार चल रहा था। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 5,000 का इनाम घोषित किया था।

## अनूपपुर पुलिस अधीक्षक मोती उर्रहमान राष्ट्रपति द्वारा वीरता पदक से होंगे सम्मानित



अनूपपुर। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बहादुरी और साहसिक कार्रवाई के लिए अनूपपुर पुलिस अधीक्षक मोती उर्र हमान को राष्ट्रपति द्वारा वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के अवसर पर आयोजित पदक अलंकरण समारोह में प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में घोषणा 16 अक्टूबर 2023 को की गई थी, जिसमें 18 दिसंबर 2022 और 22 अप्रैल 2023 की घटनाओं में उत्कृष्ट वीरता दिखाने वाले पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। जानकारी के अनुसार अप्रैल 2023 में बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर विशेष अभियान चलाया गया।

## सुसाइड नोट में लिखा-किन्नर काजल और उसका भाई करते थे ब्लैकमेल

# डबल मर्डर के आरोपी ने होटल सिद्धांत में फांसी लगाकर जान दी

सतना

कोलगवां थाना क्षेत्र के कॉफी हाउस के बगल में स्थित होटल सिद्धांत में एक युवक ने कमरे के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतर कर पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचा दिया। पुलिस ने मर्द काम किया है और घटना की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक उसके पास से सुसाइड नोट मिला है। मृतक कानपुर में डबल मर्डर का आरोपी था। मृतक यूपी के कानपुर में किन्नर काजल और उसके 12 साल के ममेरे भाई देव की हत्या करने के बाद फरार था। होटल में वह पर्दे से बने फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान आकाश विश्वकर्मा 30 वर्ष निवासी कानपुर के रूप में हुई है। कानपुर पुलिस को आकाश विश्वकर्मा के सुसाइड की जानकारी दे दी गई है।



यूपी पुलिस अब पूरे मामले की जांच करेगी। कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी ने बताया कि आकाश के पैंट की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है,जिसमें उसने लिखा है कि मैं कानपुर में 2 लोगों की हत्या करके आया हूं। दोनों भाई-बहन मुझे प्रताड़ित कर ब्लैकमेल कर रहे थे। मैं अपनी इच्छा से मर रहा हूं।

### शनिवार को होटल में आया था

आकाश आकाश विश्वकर्मा ने शनिवार को सेमरिया चौक स्थित होटल में कमरा लिया था। वह रूम नंबर-27 में ठहरा हुआ था। रविवार शाम को उसने चेकआउट किया और यहां से रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुआ था। ट्रेन छूटने पर वह वापस होटल लौटा और फिर से वही कमरा बुक किया था। सोमवार दोपहर सफाई कर्मचारी ने कमरे में कोई हलचल नहीं होने पर होटल स्टाफ को सूचना दी। दरवाजे पर दस्तक दी गई,लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। होटल स्टाफ ने तत्काल कोलगवां पुलिस को सूचना दी।

### डुप्लीकेट चाबी से कमरे का दरवाजा खोला

कोलगवां पुलिस के अनुसार होटल प्रबंधन की सूचना के बाद टीम मौके पर पहुंची। दूसरी चाबी से दरवाजा खोला। आकाश फंदे पर लटका हुआ था। उसने सुसाइड नोट में कानपुर में दो लोगों की हत्या का जिक्र किया था, इस आधार पर पड़ताल की तो सामने आया कि कानपुर में किन्नर काजल व उसके 12 वर्षीय ममेरे भाई देव की उसने हत्या की थी।

### किन्नर की ब्लैकमेलिंग से परेशान था

प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया है कि वह किन्नर की ब्लैकमेलिंग से परेशान था। जांच में पता चला है कि काजल खुद को किन्नर कहलाना पसंद नहीं करती थी,इसलिए उसने लड़की बनने के लिए मुंबई के अस्पताल में 5 लाख में चेहरे की सर्जरी भी कराई थी। भाई-बहन की हत्या के मामले में काजल की मां गुड्डी ने तीन करीबियों आलोक उर्फ गोलू,आकाश और हेमराज उर्फ अजय पर हत्या का आरोप लगाया था। उसने हनुमंत विहार थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी।पुलिस को जांच में पता चला है कि काजल का पहले आलोक से अफेयर था,बाद में आकाश से उसकी करीबी हो गई थी। किन्नर की साथी देविका का प्रेमी हेमराज भी काजल से नजदीकियां बढ़ाने की कोशिश कर रहा था। आकाश के साथ मिलकर काजल नौबस्ता में एक प्लॉट खरीदने के लिए पांच लाख रुपए बयाना देकर आई थी। वह किसी भी कीमत में आकाश को छोड़ना नहीं चाहती थी। आकाश उससे पीछा छुड़ाना चाहता था,इसलिए उसने भाई बहन की हत्या कर दी।

## गुंडागर्दी: दिनदहाड़े युवक की पिटाई कट्टा लहराकर फैलाई दहशत



**सतना।** जिले के सभापुर थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुए,बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक की बेरहमी से पिटाई की। यह घटना बिरसिंहपुर-कोटर रोड पर नागौरा के पास हुई,जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि एक काले रंग की स्कॉर्पियो और एक बोलेरो में सवार कुछ लोगों ने बाइक सवार युवक को जबरन रोक लिया। कार से उतरे हमलावरों ने युवक को सड़क पर गिराकर बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान,भीड़ में से एक युवक ने अवैध कट्टा लहराकर दहशत फैलाई,जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,हमलावरों ने न केवल मारपीट की,बल्कि खुलेआम हथियार का प्रदर्शन कर कानून को धत्ता बताया। सार्वजनिक स्थान पर हुई इस घटना से स्थानीय लोगों में डर का माहौल है। वायरल वीडियो सामने आने के बाद सभापुर थाना पुलिस हरकत में आ गई है।पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है और उनकी तलाश में टीमें भेजी गई हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह घटना सरकारी इमारतों के निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करती है,जिस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# रक्षाबंधन की खुशियां मातम में बदलीं, खदान और नदी में डूबे दो मासूम, पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच, गांव में पसरा मातम

रीवा।

जिला में रक्षा बंधन त्योहार की खुशिया उस समय मातम में बदल गई जब उनके घर के चिरागों की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना रीवा जिले के डभौरा थाना क्षेत्र के घूमन गांव में स्थित खदान में सामने आई जहां दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई, घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक डभौरा थाना क्षेत्र के घूमन गांव रक्षा बंधन के दिन खदान में डूबने से दो किशोर बालकों की मौत हो गई। दोनों किशोर रिश्ते में भाई थे, जो खदान में नहाने गए थे। शनिवार की शाम करीब 4 बजे बालक खदान में नहाने गए थे, जिसके बाद जब शाम तक वो घर नहीं आए तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। खदान के पास दोनों के चप्पल मिले



जिसके बाद परिजन खदान में उनको देखने लगे और शाम करीब 6.30 बजे दोनों बालकों के शव मिले। परिजनों सहित ग्रामीणों के बीच इस हादसे के बाद कोहराम मच गया और सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने रविवार को मृतक शिव अवतार (10) पिता हरिओम पाल और सुनील पाल (12) पिता देशराज पाल, निवासी घूमन के शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया जिसके उपरांत उन्हे परिजनों को सौप दिया गया। डभौरा थाना प्रभारी ऋषभ सिंह ने बताया कि बालकों के खदान में डूबने की सूचना पर घूमन गांव घटनास्थल पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे थे दोनों शवों को डभौरा अस्पताल भेजा। उन्हाने बताया कि शनिवार के दिन दोपहर में दोनों बच्चे खदान के भरे हुए पानी में नहाने गए थे, इसी दौरान डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम का माहौल है, वहीं मर्ग कायम कर पुलिस पूरी घटना की जांच में लगी हुई है।

## भीषण टक्कर के बाद घर में जा पलटी कार

# तेज रफ्तार के कहर ने ली 5 की बलि तो 5 जूझ रहे जिंदगी और मौत से

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सोमवार की सुबह 09:30 से 10 बजे के बीच रामनगर थाना क्षेत्र के रेउंदा गांव में कोतमा से बेलिया जा रही तेज रफ्तार में स्कॉर्पियो कार क्रमांक एमपी 18 जेडजी 0613 ने सामने से आ रहे दोपहिया वाहन क्रमांक एमपी 65 एमए 3418 मे सवार को कुचला दिया। हादसा इतना जबरजस्त था कि बाईक चालक का चेहरा पहचानना मुश्किल हो गया। इसके बाद अनियंत्रित होकर पलटते हुए एक निर्माणाधीन मकान में कार जा घुसी जिसमे सवार 9 व्यक्तियों मे 3 की मौके पर ही मृत्यु हो गई वहीं 2 की चिकित्सालय ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई, जबकि 5 गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी अनुसार बाइक चालक निगवानी निवासी अमृत लाल चौधरी बैंड बजाने के काम से मरवाही जा रहा था, वहीं कार में सवार 9 व्यक्ति गांव से पिकनिक मनाने कहीं और जा रहे थे।

**भीषण टक्कर की कहानी, टीआई की जुबानी:** रामनगर टीआई सुमित कौशिक ने बताया कि सोमवार की सुबह कार सवार कोतमा से झिरिया टोला की तरफ आ रहे थे जबकि बाइक सवार युवक झिरिया टोला से कोतमा की ओर जा रहा था। इस दौरान नेशनल हाईवे 43 मे झिरिया टोला के पास कार अनियंत्रित हो गई जो बाइक को टक्कर मारते हुए निर्माणाधीन मकान में जा घुसी। जिससे 3 की मौके पर तो 2 की चिकित्साकलय में मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही थाना रामनगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और घायलों को 108 एम्बुलेंस व अन्य साधनों से अस्पताल पहुँचाया। पुलिस की तत्परता से कई घायलों की जान बचाई जा सकी।

**5 हुये काल कलवित तो 5 का इलाज जारी:** गंभीर घायलों मे अमलेंद्र सिंह पिता स्व. रोशन सिंह गोंड (18) को बिलासपुर रेफर किया गया है वही आशीष केवट पिता भोला केवट (18) को मनेंद्रगढ़ अस्पताल रेफर किया गया है। इसी तरह विकास सिंह पिता चरकू सिंह (19), करण सिंह पिता देवान सिंह (19) तथा गुड्डा उर्फ़ लखन पिता हूबलाल (19) सभी निवासी बेलिया छोट, थाना बिजुरी को अनूपपुर अस्पताल बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। भीषण घटना मे बाइक सवार अमृत चौधरी (30), निवासी उरतान, थाना कोतमा सहित शुभम चौधरी पिता राकेश चौधरी (20) तथा राहुल पिता तीरथ केवट (19) दोनो निवासी बेलिया छोट, थाना बिजुरी की मौत स्पॉट मे ही हो गई थी

## मिठाई से फूड प्वाइजनिंग की आशंका: जिम्मेदार कौन?

# रक्षाबंधन पर मऊ गांव में दो बच्चियों की संदिग्ध मौत

**ब्यौहारी। रक्षाबंधन का पर्व मऊ गांव में मातम में बदल गया, जब एक ही दिन में दो मासूम बच्चियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन मौत का कारण मिठाई खाने से हुई फूड प्वाइजनिंग मान रहे हैं, जबकि पुलिस और स्वास्थ्य विभाग जांच में जुटे हैं। लेकिन इस पूरे मामले में सबसे गंभीर सवाल जिले के खाद्य एवं औषधि विभाग की भूमिका पर उठ रहा है, जिसकी लापरवाही और मिलीभगत ने पहले भी कई लोगों को मौत और बीमारी के मुंह में धकेला है।**

मिली जानकारी के अनुसार, थाना ब्यौहारी क्षेत्र के मऊ गांव में कहार और सोधिया परिवार की दो महिलाएं अपने बच्चों के साथ रक्षाबंधन मनाने मायके आई थीं। रक्षाबंधन के अगले दिन सुबह दिव्या सोंधिया उम्र 3 वर्ष निवासी सतना, उल्टी-दस्त से बीमार हुई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। परिजन शव को बिना पोस्टमार्टम कराए ससुराल ले गए। उसी दिन दोपहर में हंसनी कहार उम्र 11 वर्ष निवासी चरखरी भी उल्टी-दस्त की शिकार हुई और सिविल अस्पताल ब्यौहारी में दम तोड़ दिया। हंसनी का पोस्टमार्टम कराया गया है, जबकि रिपोर्ट अभी लंबित है।

नगर निरीक्षक अरुण पांडेय ने बताया कि अस्पताल से एक बच्ची की मौत की सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है। प्रारंभिक जांच में परिजनों ने बताया कि एक परिवार ने मिठाई अमन डेयरी एंड स्वीट सेंटर चुंगी नाका ब्यौहारी से खरीदी थी, जबकि दूसरे परिवार ने बाबा होटल एंड स्वीट्स भंडार गोविंदगढ़ से लाई थी। दोनों बच्चियों ने ये मिठाइयां खाई थीं। यह कोई पहला मामला नहीं है। लगभग डेढ़-दो साल पहले भी अमन डेयरी से खरीदी गई रसमलाई खाने के बाद सैकड़ों लोग बीमार होकर अस्पताल में भर्ती हुए थे। हाल ही में एक व्यापारी के दुकान उद्घाटन में भी इसी दुकान की रसमलाई खाने से कई लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए। बावजूद इसके, जिम्मेदार विभाग ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।



स्थानीय लोगों का आरोप है कि शहडोल जिला खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी आर.के. सोनी केवल औपचारिक जांच करते हैं। वे न तो नियमित निगरानी करते हैं और न ही मिलावटखोरों पर कार्रवाई। आरोप है कि उन्होंने जिले की मिठाई, किराना और अन्य खाद्य उत्पादन व बिक्री करने वाली दुकानों से मासिक वसूली की व्यवस्था बना रखी है, जिसके बदले दुकानदारों को मिलावट और गंदगी फैलाने की खुली छूट दी जाती है। यही कारण है कि त्योहार के सीजन में भी खुलेआम मिलावटी और खराब सामग्री की बिक्री हो रही है।

दो बच्चियों की मौत के बाद ग्रामीणों और परिजनों में गुस्सा है। उनका कहना है कि इस घटना के लिए सीधे-सीधे खाद्य एवं औषधि विभाग और उसके अधिकारी जिम्मेदार हैं, जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय मिलावटखोरों से सांठगांठ कर जनता की जान खतरे में डाल दी। यह हादसा केवल एक पारिवारिक त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की नाकामी का सबूत है। अगर समय रहते विभाग सख्ती दिखाता और दोषी दुकानों पर कार्रवाई करता, तो शायद ये दोनों मासूम आज जिंदा होतीं। अब देखने वाली बात यह है कि क्या प्रशासन और सरकार इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई करती है या यह भी पिछले मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

### इनका कहना है...

एक बच्ची की मौत की जानकारी आई है, हमें पीएमके बाद बिसरा रिपोर्ट का इंतजार है, दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्सा नहीं जायेगा, दूसरी बच्ची की भी जानकारी हम एकत्र करते हैं।

**डॉ. राजेश मिश्रा**
**सीएमएचओ शहडोल**

## बंसल बस्ती में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प

**रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रानी तालाब क्षेत्र की बंसल बस्ती शनिवार रात अचानक हिंसा की आग में झुलस उठी जब दो पक्षों के बीच मामूली विवाद ने विकराल रूप ले लिया। इस घटना में दोनों ओर से जमकर पथराव और बोतलबाजी हुई, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तत्काल मोर्चा संभाला और अब तक 17 लोगों के खिलाफ बलवे सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। बता दे घटना की शुरुआत एक साधारण सड़क विवाद से हुई, जब बाइक की हल्की टक्कर को लेकर कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने अपने-अपने गुट बुला लिए और देखते ही देखते पूरा इलाका रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। झगड़े के दौरान न केवल आमने-सामने पत्थरबाजी हुई, बल्कि कांच की बोतलें फेंकी गईं।

# स्वतंत्रता का रंग खाकी के संग, निकाली गई विशाल तिरंगा रैली



**जबलपुर।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग‍ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा पुलिस बैंड दल के साथ एक विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया। तिरंगा रैली पुलिस परेड ग्राउंड से घंटाघर, नौदरा ब्रिज, रसल चौक होते हुए भंवरताल गार्डन पहुंची। जहां कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय सहित पुलिस के अधिकारियों ने रैली का भव्य स्वागत किया और 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' के थीम को प्रोत्साहित किया। इस तिरंगा रैली में पुलिस के साथ-साथ एनसीसी के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## विद्यालयों में उत्साहपूर्वक निकाली गई तिरंगा रैली

शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग‍ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा तिरंगा रैली निकालकर स्वंतत्रता के उत्सव के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग के संबंध में उत्साहपूर्वक नारे भी लगाये।

## गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने निकाली तिरंगा रैली

श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय, जबलपुर में अपर मुख्य सचिव के निर्देशानुसार "हर घर तिरंगा अभियान" के अंतर्गत दिनांक 11 अगस्त को एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। यह रैली महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस. चंडोक के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुई। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से हुआ, जिसमें महाविद्यालय के अध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा धारण कर देशभक्ति के नारों के साथ महानद्दा के प्रमुख मार्ग पर तिरंगा रैली निकाली। कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय परिसर में हुआ, जहाँ प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज ही नहीं, बल्कि हमारी एकता, सम्मान और बलिदान का प्रतीक है। इस अवसर पर महाविद्यालय से शिखा पाराशर, डॉ. मनीष शाह, डॉ. शिवमणि मिश्रा, डॉ. अंजू पाठक, प्रकृति विश्वास, डॉ. विपिन राय, डॉ. विमल शुक्ला, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. संध्या कोष्टा, डॉ. शशि दुबे, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. रत्नेश नामदेव, डॉ. आरती शुक्ला की उपस्थिति रही।






## 6वीं बटालियन ने रांझी में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार इस वर्ष आजादी के महापर्व पर देश की आन, बान, शान के प्रतीक राष्ट्र ध्वज तिरंगा के सम्मान में देश भर में "हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता" स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सेनानी के सिद्धार्थ चौधरी भापुसे के मार्गदर्शन में 11 अगस्त को 6वीं वाहिनी विसबल जबलपुर द्वारा तिरंगा की आन-बान-शान थीम पर विशेष तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा देशभक्ति गीत एवं हाथों में तिरंगा झंडा एवं फ्लेक्स के साथ तिरंगा यात्रा रैली रांझी के प्रमुख मार्गों से निकाली गई, जो वापस वाहिनी के परेड ग्राउंड पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने सभी नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी एवं स्वतंत्रता दिवस के दौरान चलाये जा रहे अभियान के तहत सभी को राष्ट्रीय पर्व में सहभागिता व माँ भारती के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के संकल्प की अभिव्यक्ति के साथ अपने घर पर तिरंगा लगाने, अपने क्षेत्र को स्वच्छ बनाने और अन्य लोगों को भी प्रेरित कर इस महाअभियान से जोड़ने का आह्वान किया। उक्त तिरंगा रैली में बटालियन के समस्त वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं नव आरक्षक प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए।

## देश हित से समझौता कर रहा बिजली विभाग

### कांग्रेस का आरोप

जबलपुर। मध्य प्रदेश की स्मार्ट मीटर परियोजना में विदेशी कंपनी 'अल्फानार' की भागीदारी को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी, जबलपुर ने बड़ा सवाल खड़ा किया। काग्रेस ने मुख्यमंत्री मोहन यादव जी के नाम एक ज्ञापन अधीक्षण अभियंता सिटी सर्किल, जबलपुर को सौंपते हुए आरोप लगाया कि यह सिर्फ बिजली का मामला नहीं, बल्कि सीधे-सीधे राज्य और राष्ट्र की सुरक्षा का प्रश्न है।सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि बिजली व्यवस्था सिर्फ बल्ब जलाने और पंखा घुमाने की चीज़ नहीं है यह अस्पतालों में जीवन रक्षक मशीनों से लेकर उद्योगों के उत्पादन, संचार नेटवर्क और रक्षा प्रतिष्ठानों तक की धड़कन है। यदि इस तंत्र में सेंध लगी, तो पूरे राज्य की नब्ज़ थम सकती है। दुनिया के कई देश इस खतरे का सामना कर चुके हैं, जहाँ साइबर हमलों से बिजली ग्रिड ठप हुए और शहर अंधेरे में डूब गए। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा "ऑपरेशन सिंदूर" के समय विदेशी साइबर हमले हमारे बिजली नेटवर्क तक पहुँच गए थे, जिन्हें समय रहते रोका गया।उन्होंने चेतावनी दी कि भारतीय स्मार्ट ग्रिड फोरम पहले ही आगाह कर चुका है कि सऊदी अरब की 'अल्फानार' कंपनी, जिसमें पाकिस्तानी मूल के अधिकारियों की हिस्सेदारी है और जिसे तुर्की से आर्थिक सहयोग मिलता है, मध्य प्रदेश और पंजाब में स्मार्ट मीटर और मीटर डेटा प्रबंधन जैसी अत्यंत संवेदनशील परियोजनाओं पर काम कर रही है। तुर्की का पाकिस्तान को खुला समर्थन इस मामले को और संदिग्ध बनाता है। सवाल उठता है—क्या राज्य सरकार ने इस कंपनी को ठेका देने से पहले राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट ली थी?

## औषधि वाटिका विकास के लिये एमपी ट्रांसको परिसर में किया गया पौधारोपण

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के बिजली कंपनियों में चल रहे पौधारोपण अभियान के अंतर्गत, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के नयागांव परिसर में औषधीय पौधारोपण किया गया। मुख्य अभियंता श्री राजेश द्विवेदी की पहल पर, इस अभियान का लक्ष्य एक औषधि वाटिका विकसित करना है।

पहले चरण में मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री मुकुल मेहरोत्रा सहित विभिन्न अधिकारियों ने त्रिफला चूर्ण निर्माण में प्रयुक्त आंवला, बहेड़ा और हरेड़ जैसे औषधीय पौधे रोपे। मुख्य अभियंता राजेश द्विवेदी ने बताया कि आगामी चरणों में अन्य औषधीय प्रजातियों का भी रोपण किया जाएगा। ऊर्जा विभाग द्वारा



दिए गए पौधारोपण लक्ष्य की पूर्ति के लिए, जबलपुर मुख्यालय सहित प्रदेश भर में एम.पी. ट्रांसको के सभी कार्यालयों, सबस्टेशनों और ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस मुख्यालयों में चरणबद्ध तरीके से यह अभियान संचालित होगा। पौधारोपण कार्यक्रम में प्रबंध संचालक सुनील तिवारी, मुख्य अभियंता संदीप गायकवाड़, दिनेश शाक्यवार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता आर.एस. पांडे, सुरेन्द्र सोलंकी, राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सहायक शिक्षकों को 5400 रु. का ग्रेड पे दिया जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि प्रदेश के सहायक शिक्षकों को 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के पश्चात 4200 रुपये का ग्रेड पे दिया जा रहा है, जबकि उन्हें 5400 रुपये का ग्रेड पे दिया जाना चाहिए, वहीं जो उच्चश्रेणी शिक्षक से भर्ती हुए हैं उन्हें 6600 रुपये का ग्रेड पे 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर दिया जाता है, जबकि सहायक शिक्षकों एवं उच्चश्रेणी शिक्षकों में सिर्फ एक पद का अंतर है तो फिर ग्रेड पे में इतना भारी अंतर क्यों? ग्रेड पे में इतना भारी अंतर होने से प्रदेश के हजारों सहायक शिक्षकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इन अनिमितताओं की वजह से सहायक शिक्षकों में रोष बना हुआ है। अतः शासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

## हिंदी में मेडिकल शिक्षा को मिल रहा प्रदेश में बढ़ावा

### डॉ. ए.के. द्विवेदी की 'मानव शरीर रचना विज्ञान' पुस्तक प्रकाशित

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल कर रहा है — मेडिकल की पढ़ाई अब हिंदी में भी संभव हो रही है। इसी क्रम में 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली' के अंतर्गत 'शिक्षा स्वास्थ्य न्यास' के प्रांत संयोजक, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) के वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड सदस्य एवं म.प्र. मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी के होम्योपैथी संकाय के बोर्ड ऑफ स्टडी सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी द्वारा लिखित 'मानव शरीर रचना विज्ञान' पुस्तक का प्रकाशन हुआ है। यह पुस्तक मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित की गई है और इसमें मानव शरीर के प्रमुख तंत्र — कंकाल, पेशी, जोड़ों,






तंत्रिका, अंतःस्त्रावी, रक्त परिसंचरण, लसिका, श्वसन, पाचन, उत्सर्जन और प्रजनन आदि का विस्तृत एवं सचित्र विवरण दिया गया है।डॉ. द्विवेदी ने बताया कि चिकित्सा शास्त्र की पुस्तकें हिंदी में बेहद सीमित हैं। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, और म.प्र. मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी, जबलपुर के हिंदी में चिकित्सा शिक्षा के प्रयासों को सहयोग देने हेतु यह पुस्तक तैयार की गई।



## बाबा गुरु गोरखनाथ गोगा समिति ने निकाली शोभायात्रा

**जबलपुर।** बाबा गुरु गोरखनाथ गोगा जाहरवीर देव के भक्तों ने नाग पंचमी के दिन निशान की स्थापना स्व. गुलाब भगत के निवास स्थान बिलहरी में की थी, जिसकी 10 अगस्त को विशाल शोभायात्रा निकली गई। समिति सदस्य श्याम बिरला, दुलीचंद, संदीप ऊंटमाल, विजय बिरला, गोविंद प्रसाद मौर्य, अनिल मारोठिया, अभिषेक मारोठिया, रितेश मौर्य, अजय चौहान, पवन चौहान, साहिल लहोरिया, दीपक शर्मा, सनी मालिक, गोलू अंकुश का कहना है कि समिति द्वारा प्रतिवर्ष कजलिया के दिन विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली जाती है, शोभायात्रा बिलहरी से प्रारंभ होकर गोरा बाजार, पेंटीनाका, महाकाली माई मंदिर मैन रोड से होकर सेठ मोहल्ला एवं काली माई मंदिर खंबताल लक्ष्मी नारायण मंदिर में समापन विसर्जन किया जाता है। वर्तमान में राणा भगत, अजय चौहान, गुरु गुलाब भगत द्वारा दिया गया आशीर्वाद नीली पैड़ी को आगे बढ़ा रहे हैं।

## शक्तिभवन में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूरी

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के तत्वावधान में विद्युत कंपनियों के मुख्यालय शक्तिभवन में स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ उत्साह और गरिमामय ढंग से मनाई जाएगी। इस बात का निर्णय पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में पावर मैनेजमेंट कंपनीए मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी व मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के विद्युत परिवार द्वारा आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित की गई। मुख्य महाप्रबंधक राजीव गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शक्तिभवन में आकर्षक रोशनी की जाएगी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुरक्षा विभाग के सुरक्षा सैनिक आकर्षक परेड और बैंड दल देशभक्ति गीतों की धुन प्रस्तुत करेंगे। प्रदेश की विद्युत कंपनियों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्युत अभियंताओं व कार्मिकों को पुरस्कृत किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस आयोजन समिति की बैठक में पावर मैनेजमेंट कंपनी के उप महाप्रबंधक प्रशासन आलोक श्रीवास्तव, प्रबंधक मानव संसाधन अंकुर चौरसिया, कार्यपालन अभियंता सिविल शक्तभिवन काम्पलेक्स मिलिन्द चौधरी, सुरक्षा अधिकारी आरएन यादव, कार्यपालन अभियंता कम्युनिकेशन दीपक कुमार पटेल व राकेश सोनी और विद्युत मेंटेनेंस के कनिष्ठ अभियंता पंकज अग्रवाल व पार्थव बोस उपस्थित थे।

**उत्साह और गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा समारोह**

## बगलामुखी सिद्ध पीठ में हुआ महारुद्राभिषेक व पादुका पूजन

### शंकराचार्य श्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज का 67वां वर्धन्ति महोत्सव धूमधाम से संपन्न

**हरिभूमि, जबलपुर।** अनन्तश्री विभूषित पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज श्री के 67वें वर्धन्ति महामहोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में भक्ति और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज के सानिध्य में भगवान श्री हरिहरेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक संपन्न हुआ। रुद्रपाठ और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाराज श्री की पावन पादुकाओं का पूजन-अर्चन श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर भक्ति के सुर और घंटानाद से गूंज उठा।

#### यह रहे उपस्थित

भक्तों ने इस धार्मिक अनुष्ठान में पूरे उत्साह और आस्था से सहभागिता की। कार्यक्रम में प्रभात साहू, पाणेश पाण्डेय, वसुंधरा पाण्डेय, भावेश सिंह, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, पीयूष दुबे, वैभव दुबे, अंकित



दीक्षित, पुष्पेंन्द्र सिंह परिहार, सुनील गुप्ता, मनोज सेन सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने महाराज श्री के आशीर्वचन प्राप्त कर स्वयं को धन्य महसूस किया।

#### गुरु-शिष्य परंपरा की जीवंत मिसाल

पूरे आयोजन में अनुशासन, श्रद्धा और सेवा भाव का अद्भुत समन्वय रहा, जिसने महोत्सव को भव्य और प्रेरणादायी बना दिया। श्रद्धालुओं के अनुसार, यह वर्धन्ति महोत्सव न केवल धार्मिक अनुष्ठानों का प्रतीक है, बल्कि यह गुरु-शिष्य परंपरा की जीवंत मिसाल भी है।

## सेंट्रल जेल में लगा स्वास्थ्य शिविर, 412 बंदियों का हुआ निःशुल्क उपचार





**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ जबलपुर महानगर द्वारा 11 अगस्त को जबलपुर सेंट्रल जेल में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अश्वनी कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में 10 से अधिक चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं।शिविर में 412 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। विशेष रूप से एक पोर्टेबल डेंटल यूनिट के माध्यम से दाँतों की सफाई, फिलिंग और निकासी जैसे उपचार भी किए गए।

शिविर में जेल अधीक्षक श्री अखिलेश तोमर एवं उप जेल अधीक्षक कमलेश मदन का विशेष सहयोग रहा। इस सेवा कार्य में जिन चिकित्सकों ने भाग लिया, उनमें डॉ. विवेक जैन, डॉ. हर्ष रेड्डी, डॉ. नूरी खान, डॉ. अंजलि खंडेलवाल, डॉ. नीलांजना सिंघई, डॉ. आशिमा शर्मा, डॉ. रोहित चौरसिया, डॉ. सचिन बुधौलिया, डॉ. श्रीकांत साहू, डॉ. अमरेश पांडे, डॉ. आशुतोष पाठक, डॉ. शबनम साकेत, डॉ. मेघा रैवकवार सहित आई विशेषज्ञ डॉ. आशीष वर्मा एवं सेंटर फॉर आईसाइट की टीम प्रमुख रहीं।सहायकों में प्रमोद गोल्हानी, करण बर्मन, जमुना यादव, ताहिर खान एवं रामू ने सहयोग प्रदान किया।इस मौके पर अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद की गोल बाजार शाखा की महिलाओं ने शिविर में उपस्थित सभी चिकित्सकों का स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। महिला परिषद से संभागीय अध्यक्ष श्रीमती सविता जैन, श्रीमती प्राची जैन, मोना जैन, निधि जैन, रश्मि पारस, शैलजा जैन, संगीता सिंघई, प्रियंका जैन, सोनम जैन, एवं इंदिरा जैन उपस्थित रहीं। इस सफल आयोजन ने जेल प्रशासन और समाज के बीच सेवा और सहयोग की मिसाल पेश की।

## डॉ. गोविंद पांडेय प्रेम 'ऑनरेरी डॉक्टरेट' अवार्ड से सम्मानित

**जबलपुर।** साहित्यकार, लेखक, गीतकार एवं पशु चिकित्सा वैज्ञानिक डॉ. गोविंद पांडेय प्रेम को हिन्दी साहित्य में उनके अजीवन उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त "वर्ल्ड कल्चर एण्ड एनवायरमेंट प्रोटेक्शन कमीशन" नई दिल्ली ने उन्हें 'ऑनरेरी डॉक्टरेट अवार्ड' प्रदत्त किया है। डॉ. गोविंद पांडेय प्रेम के पास प्रदेश में सर्वाधिक 18 शैक्षणिक योग्यताओं के साथ ही उनकी 20 पुस्तकें एवं 250 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं तथा उन्हें 40 से अधिक राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं, जो जबलपुर के लिए गर्व का विषय है। उनकी इस उपलब्धि पर अनेक शुभचिंतकों व गणमान्य नागरिकों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है।





## मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना में फर्जीवाड़े की शिकायत

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत व्यापक स्तर पर फर्जीवाड़ा किये जाने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से कुछ महिलाओं ने की। शिकायत में आरोप लगाया गया है की एक भाजपा नेता की दो बहने इस काम को अंजाम दे रही हैं। पुलिस अधीक्षक को परवीन खान द्वारा दी गई शिकायत में कहा गया है की जिन महिलाओं की शादी नहीं हुई, उनकी आईडी का दुरुपयोग करते हुये यह धोखेबाजी की जा रही है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत महिलाओं को बहला फुसलाकर उनकी आईडी ली जाती है और फिर उन्हें योजना का लाभ दिला दिया गया। जबकी उनकी शादी ही नहीं हुई, पूरे मामले की जांच की मांग की गई है।